स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले निर्मल नगरों को मिला अटल निर्मल नगर पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

19 दिसंबर, 2022 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में स्थित मुख्य सेवक सदन में स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले निर्मल नगरों को अटल निर्मल नगर पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रदेश के नौ निकायों को अटल निर्मल पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत पाँच निकायों को स्वच्छ गौरव सम्मान प्रदान किया।
- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अटल निर्मल नगर पुरस्कार की राशि एक करोड़ से बढ़ाकर दो करोड़ रुपए की जाएगी। इसमें नियमानुसार कैंट क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा।
- उन्होंने यह भी घोषणा की कि पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत मकान का आवंटन होने के बाद लाभार्थियों को घर का सामान खरीदने के लिये पाँच-पाँच हज़ार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।
- उन्होंने बताया कि कि केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री में चारधाम यात्राकाल में काम करने वाले पर्यावरण मित्रों को भोजन, गरम वर्दी के लिये अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। वहीं, निकाय केंद्रीयकृत सेवा के कर्मचारियों के पेंशन देयकों के भुगतान को राज्य वित्त आयोग से एक प्रतिशत की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।
- कार्यक्रम में देहरादून नगर निगम, मुनि की रेती नगर पालिका और नंदप्रयाग नगर पंचायत को स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।
- इसके अलावा नगर निगम हरिद्वार, कैंट बोर्ड लंढौर, नगर पालिका रामनगर, डोईवाला और नरेंद्रनगर को स्वच्छता गौरव सम्मान दिया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दून कैंट स्वच्छता चौपाल का लोगो भी लॉन्च किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/atal-nirmal-nagar-award